**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1437**
**दिनांक 13 फरवरी, 2025**

**पंजाब में पीएमयूवाई के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन**

**†1437. श्री चरनजीत सिंह चन्नी:**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पंजाब में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) को सफलतापूर्वक कार्यान्वित किया गया है और यदि हां, तो 17 दिसंबर, 2024 तक राज्य में कुल कितने एलपीजी कनेक्शन जारी किए गए हैं;

(ख) क्या पंजाब में उज्ज्वला 2.0 योजना शुरू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में इसके कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ग) पंजाब में पीएमयूवाई के अंतर्गत कितनी महिला लाभार्थियों को एलपीजी कनेक्शन प्राप्त हुए हैं; और

(घ) क्या पंजाब में लाभार्थी परिवारों के लिए नियमित रूप से एलपीजी रिफिल सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा कोई विशेष उपाय किए जा रहे हैं/किए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में क्या रणनीतियां अपनाई गई हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री सुरेश गोपी)**

(क) से (घ): पूरे देश में गरीब परिवारों की व्यस्क महिला सदस्यों के नाम से बगैर जमानत राशि के एलपीजी कनेक्शन जारी करने के उद्देश्य से मई, 2016 में प्रधान मंत्री उज्जवला योजना (पीएमयूवाई) की शुरुआत की गई थी। पीएमयूवाई के तहत 8 करोड़ कनेक्शनों को जारी करने के लक्ष्य को सितंबर, 2019 में हासिल कर लिया गया था। शेष गरीब परिवारों को कवर करने के लिए, उज्जवला 2.0 को अगस्त, 2021 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य 1 करोड़ अतिरिक्त पीएमयूवाई कनेक्शनों को जारी करना था जिसे जनवरी, 2022 में हासिल कर लिया गया था। तत्पश्चात, सरकार ने उज्जवला 2.0 के तहत 60 लाख से अधिक एलपीजी कनेक्शन जारी करने का निर्णय लिया और दिसंबर, 2022 के दौरान उज्जवला 2.0 के तहत 1.60 करोड़ कनेक्शनों का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। इसके अलावा, सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए पीएमयूवाई योजना के तहत 75 लाख अतिरिक्त कनेक्शन जारी करने का अनुमोदन दे दिया था जिसे जुलाई, 2024 के दौरान हासिल कर लिया गया है। दिनांक 01.01.2025 की स्थिति के अनुसार, पूरे देश में

पीएमयूवाई योजना के अंतर्गत 10.33 करोड़ एलपीजी कनेक्शन हैं, जिसमें से 13.59 लाख कनेक्शन पंजाब राज्य में हैं। पीएमयूवाई के तहत पंजाब में जारी किए गए एलपीजी कनेक्शनों का राज्य-वार विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

पीएमयूवाई की शुरुआत से वित्त वर्ष 2022-23 तक, सरकार 1600 रुपए प्रति पीएमयूवाई कनेक्श्न के लिए सिलिंडर की जमानत राशि (एसडी), प्रेशर रेगुलेटर, सुरक्षा होज, डीजीसीसी बुकलेट और इंस्टालेशन प्रभार के संबंध में खर्च वहन कर रही है। वित्त वर्ष 2023-24 से, 14.2 कि.ग्रा. एकल बॉटल कनेक्शन/5 कि.ग्रा. डबल बॉटल कनेक्शन के लिए 2200 रुपए प्रति कनेक्शन और 5 कि.ग्रा. सिंगल बॉटल कनेक्शन के लिए 1300 रुपए प्रति कनेक्शन के लिए इस खर्च को बढ़ा दिया है।

देश भर में पंजाब राज्य सहित एलपीजी तक पहुँच को समुन्नत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिनमें, अन्य बातों के साथ-साथ पीएमयूवाई को प्रोत्साहित करने के निमित्त अभियान चलाना, कनेक्शनों का नामांकन और वितरित करने के निमित्त मेला/शिविर आयोजित करना, आउट ऑफ होम (ओओएच) होर्डिंगों, रेडियो जिंगलों, सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) वैनों आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार करना, अन्य पारंपरिक ईंधनों की तुलना में एलपीजी का उपयोग करने के लाभों और एलपीजी पंचायतों के माध्यम से एलपीजी का सुरक्षित उपयोग के बारे में जागरूकता फैलाना, विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नामांकन/जागरूकता शिविर, पीएमयूवाई कनेक्शन प्राप्त करने के निमित्त आधार नामांकन और बैंक खाता खोलने के लिए उपभोक्ताओं और उनके परिवारों की सुविधा प्रदान करना, एलपीजी कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया का सरलीकरण, www.pmuy.gov.in पर पीएमयूवाई कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन, निकटतम एलपीजी वितरक, जन सहायता केन्द्र (सीएससी) इत्यादि, 5 किलोग्राम के डबल बॉटल कनेक्शन (डीबीसी) का विकल्प, 14.2 किलोग्राम से 5 किलोग्राम के सिलेंडर में अदला-बदली का विकल्प और प्रवासी परिवारों के लिए निवास प्रमाण और राशन कार्ड के बजाय स्व-घोषणा के आधार पर नया कनेक्शन प्राप्त करने की सुविधा शामिल है। इसके अतिरिक्त, ओएमसीज लगातार विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में नई एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप की कमिशनिंग कर रही है। पीएमयूवाई स्कीम की शुरुआत से, ओएमसीज ने देशभर में 7944 डिस्ट्रीब्यूटरशिप (01.04.2016 से 31.10.2024 के दौरान कमीशन की गई) कमीशन की है, जिनमें से 7361 (अर्थात् 93%) ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं द्वारा घरेलू एलपीजी के लगातार बढ़ता उपभोग ग्रामीण परिवारों द्वारा एलपीजी को व्यापक रूप से अपनाए जाने का संकेतक है। पीएमयूवाई परिवारों का प्रति व्यक्ति उपभोग वर्ष 2019-20 में 3.01 रिफिल (14.2 कि.ग्रा. घरेलू एलपीजी सिलिंडरों के संदर्भ में) से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 3.95 और वर्ष 2024-25 में दिसंबर, 2024 तक और बढ़कर 4.40 (वार्षिक आधार) पर हो गया है।

पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी को और अधिक किफायती बनाने और उनके द्वारा एलपीजी के सतत प्रयोग को सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने मई, 2022 में पीएमयूवाई उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम प्रति वर्ष 12 रिफिल तक (और 5 कि.ग्रा. कनेक्शनों के लिए आनुपातिक रुप से आनुपातिक मूल्यांकन) 200 रुपए प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलेण्डर की निर्धारित राजसहायता शुरु की। अक्तूबर, 2023 में, सरकार ने अधिकतम प्रति वर्ष 12 रिफिल तक (और 5 कि.ग्रा. कनेक्शनों के लिए आनुपातिक रुप से आनुपातिक मूल्यांकन) 300 रुपए प्रति 14.2 कि.ग्रा. सिलेण्डर की निर्धारित राजसहायता बढ़ा दी है। पीएमयूवाई उपभोक्ताओं को 300 रुपए/सिलेंडर की निर्धारित राजसहायता के पश्चात, भारत सरकार 503 रुपये प्रति सिलेंडर (दिल्ली में) की प्रभावी मूल्य पर 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर प्रदान कर रही है। यह देशभर में 10.33 करोड़ से अधिक उज्ज्वला लाभार्थियों को उपलब्ध है।

****

अनुलग्नक

“पंजाब में पीएमयूवाई के अंतर्गत एलपीजी कनेक्शन” के संबंध में दिनांक 13.02.2025 को श्री चरनजीत सिंह चन्नी द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1437 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

पंजाब में पीएमयूवाई योजना के तहत कनेक्शन का जिल-वार विवरण दिनांक 01.01.2025 तक

| ज़िला | जारी किए गए कनेक्शनों की संख्या |
|---|---|
| अमृतसर | 98,795 |
| बरनाला | 28,520 |
| बठिंडा | 75,631 |
| फरीदकोट | 51,723 |
| फतेहगढ़ साहिब | 24,546 |
| फाजिल्का | 1,00,432 |
| फिरोजपुर | 60,257 |
| गुरदासपुर | 60,724 |
| होशियारपुर | 64,912 |
| जालंधर | 79,237 |
| कपूरथला | 37,276 |
| लुधियाना | 1,31,225 |
| मलेरकोटला | 27,928 |
| मानसा | 55,983 |
| मोगा | 66,399 |
| मुक्तसर | 60,857 |
| नवांशहर | 26,470 |
| पठानकोट | 31,313 |
| पटियाला | 1,06,261 |
| रूपनगर | 18,468 |
| एस.ए.एस नगर (मोहाली) | 19,242 |
| संगरू | 58,220 |
| तरनतारन | 75,090 |

स्रोत: उद्योग के आधार पर इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

****